अमर उजाला

Date: 30.08.2024

# प्रशिक्षण देकर के रहे व्यक्तित्व विकास

## छात्रों को बोलने चालने की कला, लक्ष्य निर्धारण की दी जाएगी जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी



सीआरएसयू में बच्चों को ट्रेनिंग देते रविंद्र सिंह। स्रोत : विश्वविद्यालय

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग ने वीरवार को लड़कियों के लिए व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम का आयोजन महिंद्रा एंड महिंद्रा कंपनी के नांदी फाउंडेशन के सहयोग से किया।

पिछले शैक्षणिक सत्र में नांदी फाउंडेशन ने 900 विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया था। इसमें से 300 के लगभग नौकरी पानी में कामयाब रही थीं। छह दिन चलने वाले कार्यक्रम में छात्राओं को बोलचाल की कला, जीवन जीने की कला, गोल सेटिंग, बॉडी लैंग्वेज, इंटरव्यू स्किल की ट्रेनिंग दी जाती है। फाउंडेशन से संदीप सुनेजा एवं रविंद्र सिंह 100 लड़कियों को इस छह दिन की ट्रेनिंग में प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। प्रशिक्षण लेने वाले विद्यार्थी कई प्रकार के इंटरव्यूह पास करने में सक्षम हो जाते हैं।

ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट के डायरेक्टर डॉ. अनुपम भाटिया ने कहा की चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान ही प्रदान करना नहीं है, अपितु विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की जिम्मेदारी विश्वविद्यालय के कंधों पर है।

विश्वविद्यालय का ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल छात्रों के व्यक्तित्व विकास की ओर पूरा ध्यान देता है। इसके लिए कई कंपनियों के साथ अनुबंध किया जा रहा है। प्रयास है कि विश्वविद्यालय से जो भी छात्र अपनी शिक्षा संपन्न करके जाएं, वह अपने साथ रोजगार की गारंटी भी लेकर जाएं। कुलपति डॉ. रणपाल सिंह ने कहा कि ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट के डायरेक्टर डॉ. अनुपम भाटिया के नेतृत्व में विश्वविद्यालय शीघ्र ही छात्रों के शत-प्रतिशत रोजगार के लक्ष्य को प्राप्त कर लेगा।

अमर उजाला

Date: 30.08.2024

# व्यक्ति विकास के लिए खेल अति आवश्यक : प्रो. लवलीन



खिलाड़ियों के साथ विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन। स्रोत : विश्वविद्यालय

संवाद न्यूज एजेंसी

## चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद में राष्ट्रीय खेल दिवस कार्यक्रम किया गया आयोजित

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में वीरवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फुटबॉल, दौड़ व कबड्डी की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने किया।

उन्होंने कहा कि खेल व्यक्ति के संपूर्ण विकास के लिए अतिआवश्यक है। उन्होंने मेजर ध्यानचंद के राष्ट्र प्रेम को भी विस्तार से बताया कि कैसे तत्कालीन जर्मन तानाशाह हिटलर ने उनको जर्मनी की तरफ से खेलने की एवज में जर्मन मिलिट्री में बड़ा पद देने की बात कही थी, लेकिन उन्होंने मना कर दिया था। यह उनकी राष्ट्र भक्ति थी।

मेजर ध्यानचंद ने कई ओलंपिक में भारत को हॉकी खेल में स्वर्ण पदक दिलवाया था। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर खेल परिषद प्रधान प्रो. कुलदीप नारा, खेल परिषद सचिव डॉ. नरेश देशवाल, संदीप मोर, भूपेंद्र बांगड़, संदीप ग्राउंड मैन, अभिषेक, अरुण, बलजीत मौजूद रहे।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

Date: 30.08.2024

# खेल व्यक्ति के संपूर्ण विकास के लिए अति आवश्यक

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विवि में वीरवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फुटबाल मैच, दौड़ व कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने किया। उन्होंने कहा कि खेल व्यक्ति के संपूर्ण विकास के लिए अति आवश्यक है। उन्होंने मेजर ध्यानचंद के राष्ट्र प्रेम को भी विस्तार से बताया कि कैसे तत्कालीन जर्मन तानाशाह हिटलर के द्वारा उनको जर्मनी की तरफ से खेलने की एवज में उनको जर्मन मिलिट्री में बड़ा पद देने की बात कही। लेकिन तानाशाह हिटलर को मेजर ध्यानचंद ने जर्मन की तरफ से खेलने के लिए मना कर दिया। यह उनकी राष्ट्रभक्ति थीए मेजर ध्यानचंद ने कई ओलंपिक में भारत को हॉकी खेल में गोल्ड मेडल दिलवाया था। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर खेल परिषद प्रधान प्रो. कुलदीप नारा, खेल परिषद सचिव डा. नरेश देशवाल, संदीप मोर, भूपेंद्र बांगड़, संदीप, अभिषेक, अरुण, बलजीत मौजूद थे।




जींद। खिलाड़ियों के साथ विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

Date: 30.08.2024



जींद। बच्चों को ट्रेनिंग देते हुए रविंद्र सिंह। फोटो :हरिभूमि

# छह दिवसीय पर्सनैलिटी डिवलप्मेंट कार्यक्रम प्रारंभ

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग द्वारा लड़कियों के लिए पर्सनैलिटी डिवलप्मेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन करवाने में महिंद्रा एंड महिंद्रा कंपनी के नांदी फाउंडेशन का योगदान रहा। फाउंडेशन द्वारा अपने प्रशिक्षकों को बिना किसी खर्च के विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराया जाता है। पिछले शैक्षणिक सत्र में नांदी फाउंडेशन द्वारा 900 लड़कियों को प्रशिक्षित किया गया था। जिसमें से 300 के लगभग नौकरी पाने में कामयाब रही। छह दिन चलने वाले इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बोलने चालने की कला, जीवन जीने की कला, गोल सेटिंग, बॉडी लैंग्वेज, इंटरव्यू स्किल आदि की ट्रेनिंग दी जाती है। नांदी फाउंडेशन से संदीप सुनेजा एवं रविंद्र सिंह लगभग 100 लड़कियों को इस छह दिन की ट्रेनिंग में प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। इस ट्रेनिंग को करने के बाद विद्यार्थी अनेक प्रकार के इंटरव्यूह पास करने में सक्षम हो जाते हैं। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट के डायरेक्टर डा. अनुपम भाटिया ने कहा की चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए दिन-रात प्रयास कर रहा है।

दैनिक जागरण

Date: 30.08.2024

# सीआरएसयू में कौशल क्षमता बढ़ाने के लिए छात्राओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण



सीआरएसयू में प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को जानकारी देते प्रशिक्षक। • सौ. विवि

जागरण संवाददाता• जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट विभाग की तरफ से छात्राओं के लिए व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजन में महिंद्रा एंड महिंद्रा कंपनी के नांदी फाउंडेशन का अहम योगदान है। नांदी फाउंडेशन की तरफ से प्रशिक्षकों को बिना किसी खर्च के विश्वविद्यालय को उपलब्ध करवाया जाता है। पिछले शैक्षणिक सत्र में नांदी फाउंडेशन ने 900 लड़कियों को प्रशिक्षित किया था। जिसमें से 300 के लगभग नौकरी पाने में कामयाब रही। छह दिन चलने वाले इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बोलने चलने की कला, जीवन जीने की कला, लक्ष्य की स्थापना, शारीरिक भाषा, साक्षात्कार कौशल का प्रशिक्षण दिया जाता है। नांदी फाउंडेशन से संदीप सुनेजा और रविंद्र सिंह करीब 100 लड़कियों को छह दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। वीसी डा. रणपाल सिंह ने कहा कि ये प्रशिक्षण करने के बाद विद्यार्थी अनेक प्रकार के साक्षात्कार पास करने में सक्षम हो जाते हैं। प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल डा. अनुपम भाटिया के नेतृत्व में दिन प्रतिदिन प्रगति कर रहा है। पूरा विश्वास है, विश्वविद्यालय जल्द ही विद्यार्थियों के शत प्रतिशत रोजगार के लक्ष्य को प्राप्त कर लेगा। प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट के निदेशक डा. अनुपम भाटिया ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयास कर रहा है। प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास की ओर पूरा ध्यान देती है। इसके लिए अनेक कंपनियों के साथ अनुबंध किए जा रहे हैं।

पंजाब केसरी

Date: 30.08.2024

# सी.आर.एस.यू. में शुरू हुआ 6 दिवसीय पर्सनैलिटी डिवैल्पमैंट कार्यक्रम

## कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बोलने-चालने की कला, गोल सैटिंग की दी जाएगी जानकारी

जींद, 29 अगस्त (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट विभाग द्वारा लड़कियों के लिए पर्सनैलिटी डिवेल्पमैंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका आयोजन करवाने में महिंद्रा एंड महिंद्रा कंपनी के नांदी फाऊंडेशन का योगदान रहा।

फाऊंडेशन द्वारा अपने प्रशिक्षकों को बिना किसी खर्च के विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराया जाता है। पिछले शैक्षणिक सत्र में नांदी फाऊंडेशन द्वारा 900 लड़कियों को प्रशिक्षित किया गया था, जिसमें से 300 के लगभग नौकरी पाने में कामयाब रही। 6 दिन चलने वाले इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बोलने-चालने की कला, जीवन जीने की कला, गोल सैटिंग, बॉडी लैंग्वेज, इंटरव्यू स्किल आदि की ट्रेनिंग दी जाती है। नांदी फाऊंडेशन से संदीप सुनेजा एवं रविंद्र सिंह लगभग 100 लड़कियों को इस 6 दिन की ट्रेनिंग में प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। इस ट्रेनिंग को करने के बाद विद्यार्थी अनेक प्रकार के इंटरव्यू पास करने में सक्षम हो जाते हैं।

ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट के डायरैक्टर डा. अनुपम भाटिया ने कहा कि चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए दिन-रात प्रयास कर रहा है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान ही प्रदान करना नहीं है, अपितु विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की जिम्मेदारी विश्वविद्यालय के कंधों पर है। विश्वविद्यालय का ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट सैल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास की ओर पूरा ध्यान देता है एवं इसके लिए अनेक कंपनियों के साथ अनुबंध किया जा रहे हैं। प्रयास है कि विश्वविद्यालय से जो भी विद्यार्थी अपनी शिक्षा संपन्न करके जाए, वह अपने साथ रोजगार की गारंटी भी लेकर जाए। कुलपति डा. रणपाल सिंह ने कहा कि डा. अनुपम भाटिया के नेतृत्व में विश्वविद्यालय शीघ्र ही विद्यार्थियों के शत-प्रतिशत रोजगार के लक्ष्य को प्राप्त कर लेगा।



बच्चों को ट्रेनिंग देते हुए रविंद्र सिंह।

दैनिक भास्कर
ई-पेपर

Date: 30.08.2024

# सीआरएसयू में खिलाड़ियों को खेल का महत्व बताया



जींद| सीआरएसयू में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल परिषद ने फुटबॉल मैच, दौड़, कबड्डी प्रतियोगिता करवाई। शुभारंभ विवि की कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने किया। कार्यक्रम में भंभेवा, जींद की फुटबॉल टीम ने भाग लिया। प्रो. कुलदीप नारा ने विजेता खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेल दिवस का महत्व बताया। मौके पर डॉ. नरेश देशवाल, संदीप मोर, संदीप ग्राउंड मैन, अभिषेक, अरुण, बलजीत उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर
ई-पेपर

Date: 30.08.2024

# पर्सनालिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम में 100 छात्राओं को दिया प्रशिक्षण



जींद. कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए।

जींद| सीआरएसयू के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग द्वारा 6 दिन के पर्सनालिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम में 100 छात्राओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षकों को बिना किसी खर्च के विवि को उपलब्ध कराया जाता है। विद्यार्थियों को बोलने की कला, जीवन जीने की कला, गोल सेटिंग, बॉडी लैंग्वेज, इंटरव्यू स्किल की ट्रेनिंग दी जा रही है। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट के डायरेक्टर डॉ. अनुपम भाटिया ने कहा कि एक फाउंडेशन से संदीप सुनेजा एवं रविंद्र सिंह 100 लड़कियों को इस 6 दिन की ट्रेनिंग में प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। विवि कुलपति डॉ. रणपाल सिंह ने कहा कि ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल डॉ. अनुपम भाटिया के नेतृत्व में दिन प्रतिदिन प्रगति कर रहा है।

दैनिक जागरण

Date: 30.08.2024

# फुटबाल, कबड्डी और दौड़ स्पर्धा में दिखाया दम




विश्वविद्यालय में रजिस्ट्रार प्रो. लवलीन मोहन, खिलाड़ी और स्टाफ। • सौ. विवि

जागरण संवाददाता • जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर दौड़, कबड्डी व फुटबाल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए रजिस्ट्रार प्रोफेसर लवलीन मोहन ने कहा कि खेल व्यक्ति के संपूर्ण विकास के लिए आवश्यक है।

उन्होंने मेजर ध्यानचंद के राष्ट्र प्रेम को भी विस्तार से बताया कि कैसे तत्कालीन जर्मन तानाशाह हिटलर के द्वारा उनको जर्मनी की तरफ से खेलने की एवज में उनको जर्मन मिलिट्री में बड़ा पद देने की बात कही। लेकिन हिटलर को मेजर ध्यानचंद ने जर्मन की तरफ से खेलने से मना कर दिया। यह उनकी राष्ट्रभक्ति थी। मेजर ध्यानचंद ने ओलिंपिक में भारत को हाकी खेल में गोल्ड मेडल दिलवाए। इस अवसर पर खेल परिषद प्रधान प्रोफेसर कुलदीप नारा, खेल परिषद सचिव डा. नरेश देशवाल भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में गांव भंभेवा व जींद की फुटबाल टीम ने भाग लिया। उनके टीम प्रशिक्षक अनिल और अशोक भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। डा. नरेश देशवाल ने विश्वविद्यालय की तरफ से खेल क्षेत्र में की गई प्रगति के बारे में बताया। अखिल भारतीय अंतरराष्ट्रीय विद्यालय प्रतियोगिता में जीतने पर 35 हजार नकद पुरस्कार, द्वितीय स्थान पर रहने पर 30 हजार, तृतीय स्थान पर रहने पर 25 हजार रुपये नकद पुरस्कार विजेता टीम व खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय कैश अवार्ड के रूप में प्रदान करता है।

दैनिक सवेरा टाइम्स

Date: 30.08.2024

# चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद में राष्ट्रीय खेल दिवस किया गया आयोजित



कार्यक्रम में मुख्यातिथि के साथ मौजूद अन्य गणमान्य लोग।

**सवेरा न्यूज/नरेंद्र जींद :** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फुटबॉल मैच, दौड़ व कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने किया और खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए बताया कि खेल व्यक्ति के संपूर्ण विकास के लिए अति आवश्यक है। उन्होंने मेजर ध्यानचंद के राष्ट्र प्रेम को भी विस्तार से बताया कि कैसे तत्कालीन जर्मन तानाशाह हिटलर के द्वारा उनको जर्मनी की तरफ से खेलने की एवज में उनको जर्मन सेना में बड़ा पद देने की बात कही लेकिन तानाशाह हिटलर को मेजर ध्यानचंद ने जर्मन की तरफ से खेलने के लिए मना कर दिया। यह उनकी राष्ट्रभक्ति थी। मेजर ध्यानचंद ने कई ओलंपिक में भारत को हॉकी खेल में गोल्ड मैडल दिलवाया था। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर खेल परिषद के प्रधान प्रो. कुलदीप नारा, सचिव डॉ. नरेश देशवाल भी उपस्थित रहे। उन्होंने कुलसचिव को पुष्प देकर के कार्यक्रम में उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान गांव भंभेवा व जींद की फुटबॉल टीम ने भाग लिया। उनके टीम प्रशिक्षक अनिल व अशोक भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

दैनिक सवेरा टाइम्स

Date: 30.08.2024

# विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास के लिए सीआरएसयू प्रयासरत : डा. भाटिया

सवेरा न्यूज/नरेंद्र जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग द्वारा लड़कियों के लिए पर्सनैलिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। पिछले शैक्षणिक सत्र में भी नांदी फाउंडेशन द्वारा 900 लड़कियों को प्रशिक्षित किया गया था। 6 दिन चलने वाले इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बोलने चालने की कला, जीवन जीने की कला, गोल सेटिंग, बॉडी लैंग्वेज, इंटरव्यू स्किल आदि की ट्रेनिंग दी जाती है। नांदी फाउंडेशन से संदीप सुनेजा एवं रविंद्र सिंह लगभग 100 लड़कियों को इस 6 दिन की ट्रेनिंग में प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट के डायरेक्टर डा. अनुपम भाटिया ने कहा की चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए दिन-रात प्रयास कर रहा है। कुलपति डा.रणपाल सिंह ने कहा कि ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल डॉ. अनुपम भाटिया के नेतृत्व में दिन प्रतिदिन प्रगति कर रहा है।



छात्राओं को प्रशिक्षण देते मास्टर ट्रेनर।